## चतरा में नकली शराब तैयार करने की मिनी फैक्ट्री का खुलासा

किया है। मिनी फैक्ट्री का संचालन भोला दांगी के जरिये अपने घर के सामने एक कंपाउंड में किया जा रहा था। जहां स्पिरिट में कैरेमल और एसेंस मिलाकर नकली शराब तैयार कर ब्रांडेड शराब की बोतलों में भर कर नकली लेबल और होलोग्राम लगाकर पैक करने का काम किया जाता था



**Mini factory Of Fake Liquor Exposed :** उत्पाद विभाग की टीम न गुरुवार कोे इटखोरी थाना अंतर्गत ब्रम्हा मोड़ के समीप छापेमारी कर अवैध विदेशी शराब **(Illegal Foreign Liquor)** की मिनी फैक्ट्री का खुलासा

किया है। मिनी फैक्ट्री **(Mini Factory)** का संचालन भोला दांगी के जरिये अपने घर के सामने एक कंपाउंड में किया जा रहा था। जहां स्पिरिट में कैरेमल और एसेंस मिलाकर नकली शराब तैयार कर ब्रांडेड शराब की बोतलों में भर कर नकली लेबल और होलोग्राम लगाकर पैक करने का काम किया जाता था।

अवैध शराब कारोबारी भागने में सफल रहा

मौके से अवैध शराब कारोबारी भोला दांगी (Bhola Dangi) अपने सहकर्मियों के साथ भागने में सफल रहा। इसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

मामले में संलिप्त आरोपितों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। अधीक्षक उत्पाद के जरिये जानकारी दी गई कि आरोपित भोला दांगी अपराधी है।

उसके विरुद्ध पूर्व में भी अभियोग दर्ज किया गया है। आगे भी अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध इसी प्रकार सघन छापेमारी अभियान जारी रहेगा। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक उत्पाद आशीष कुमार पांडेय, अभिषेक आनंद, इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक सिंह सहित अन्य शामिल थे।

Source: https://www.newsaroma.com/chatra-mini-factory-for-preparing-spurious-liquor-exposed/#google_vignette